

# सतत् कार्यवाही बेअसर : बेखौफ दौड़ रहे ओव्हर लोड ट्रक

## सिंगरौली जिले की रेत खदानों से रीवा-सतना सहित उत्तर प्रदेश नियम का उल्लघंन कर रोजाना सीधी जिले से निकलते हैं रेत के ओव्हर लोड ट्रक





**नवभारत न्यूज**

**सीधी 21 मार्च। प्रशासनिक सतत् कार्यवाहियों के बावजूद सिंगरौली जिले की रेत खदानों से रीवा-सतना सहित उत्तरप्रदेश रेत से लदे ओवर लोड ट्रक सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। जिससे सड़क हादसे के साथ सड़कें भी खराब हो रही हैं।**

जिसे देखकर ऐसा लगता है कि ओवर लोड रेत का परिवहन करने वाले ट्रक संचालकों एवं चालकों में कानून और कार्यवाही का कोई डर ही नही है। यहां बताते चलें कि सीमावर्ती सिंगरौली जिले में भी रेत संविदाकार सहकार ग्लोबल कम्पनी है। कम्पनी के खदानों से रेत परिवहन में लगे ट्रकों को बिना कोई आपत्ति के ओवरलोड रेत मिलता है। कम्पनी की ट्रांजिट पर्ची वाहन के पास होने पर किसी भी टोल प्लाजा में ओवरलोड को लेकर कोई जांच या आपत्ति नहीं होती। कारण टोल प्लाजा भी विंध्य क्षेत्र के जिलों में सहकार ग्लोबल के संचालित हो रहे हैं। इसी वजह से रेत परिवहन में लगे वाहन बेखौफ होकर ओवरलोड परिवहन कर रहे हैं। उनकी जांच पड़ताल समय-समय पर संबंधित विभाग के अमले द्वारा करने के बावजूद है भी रेत के परिवहन में लगे वाहन ओवरलोड होकर दौड़ रहे हैं।

दरअसल रेत परिवहन में लगे हाइवा की बाडी को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त लोहे की प्लेट जोड़े हुए हैं। बढ़ाई गई प्लेट के ऊपर काफी ऊंचाई तक रेत लोडिंग कर उसके ऊपर हरा कपड़ा लगा दिया जाता है।

### बिना नंबर प्लेट के दौड़ते हैं ओव्हरलोड ट्रक



जिले में रेत के परिवहन में लगे कुछ ओव्हरलोड ट्रक बिना नंबर प्लेट के ही दौड़ रहे हैं। इसी तरह बिना नंबर प्लेट के रेत की ओव्हरलोडिंग कर रहा एक हाइवा कैमरे में कैद हुआ है। रेत परिवहन में लगे वाहनों द्वारा इन दिनों ज्यादा से ज्यादा रेत की लोडिंग कर बेखौफ होकर परिवहन किया जा रहा है। ओव्हरलोडिंग वाहनों के द्वारा बाडी से काफी ऊपर का रेत की लोडिंग करके इनका परिवहन किया जा रहा है।

### रेत संविदाकार सहकार की शह पर होता है ओव्हर लोड का खेल

जिले से खुलेआम दिन-दहाड़े रेत का ओवर लोड परिवहन करने के खेल में ट्रक संचालक और रेत क्रेता को सिंगरौली जिले रेत संविदाकार सहकार ग्लोबल की सह रहती है। क्योंकि परिवहन विभाग के निर्धारित मापदंडों में रेत क्का परिवहन करने वाले ट्रक संचालक एवं क्रेता को मनमाफिक मुनाफा नही मिलता है, जिससे रेत की खरीदारी में कमी आ जाती है। जिसके कारण सरकार में दिल्ली तक अपनी मजबूत राजनैतिक पकड़ रखने वाले धनकुबेर बाहुबली संविदाकार सहकार ग्लोबल जिले के आला अधिकारियों पर दबाव बनवाकर खुले आम ओवर लोड का खेल खेला जाता है।

### इनका कहना है

रेत के ओव्हरलोड वाहनों पर सतत कार्रवाई की जाती है। बीच में कभी पुलिस की अन्य कार्यों में व्यस्तता के चलते कुछ शिथिलता हो जाती है लेकिन ओव्हरलोड रेत के वाहनों पर पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करती है। इसमें माइनिंग विभाग की ओर से भी कार्रवाई की जाती है।

**संतोष कुमार कोरी, पुलिस अधीक्षक सीधी**

रेत के ओव्हरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जाती है। अभी दो दिन पूर्व ही चार वाहनों पर कार्रवाई की गई है। बाडी से ऊपर रेत का ओव्हरलोडिंग कर परिवहन करने वाले वाहनों पर फिर कार्रवाई की जाएगी।

**कपिलमुनि शुक्ला, प्रभारी खनिज अधिकारी खनिज विभाग सीधी**

परिवहन विभाग द्वारा सीमित अमले के बावजूद भी समय समय पर ओवर लोड वाहनों की जांच कर कार्यवाही की जाती है। सीधी जिले ने परिवहन होने वाले रेत के ओवर लोड वाहनों की शिकायत मिली है। जल्द ही रेत के ओवर लोड वाहनों की जांच हेतु अभियान चलाया जाएगा। जांच के दौरान यदि परिवहन विभाग के मापदंडों से अधिक रेत ओवर लोड मिलेगी तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**अरविंद भदौरिया, आरटीओ, परिवहन विभाग सीधी**



# खेत में घुसा सुअर, किसान पर हुआ जानलेवा हमला

**रामपुर नैकिन के पकनिया गांव की घटना**

**रीवा रेफर की तैयारी**

**नवभारत न्यूज**

**सीधी ,21 मार्च। तहसील क्षेत्र के ग्राम पकनिया में शुक्रवार की शाम एक बड़ी घटना सामने आई, जहां गांव निवासी बाल्मीक पटेल पर एक आवारा सुअर ने अचानक हमला कर दिया।**

बताया जा रहा है कि शाम करीब 4:30 बजे बाल्मीक पटेल अपने खेत में आलू की खुदाई कर रहे थेए तभी अचानक सुअर ने उन पर हमला बोल दिया। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।


डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और बेहतर इलाज के लिए उन्हें रीवा रेफर करने की तैयारी की जा रही है। इस घटना में किसान को आर्थिक रूप से भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार लगभग 5 से 7 कुंटल आलू की फसल नष्ट हो गई है। घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा सुअरों का आतंक बना हुआ है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# जामा मस्जिद में अता की गई ईद उल फितर की नमाज

**नवभारत न्यूज**

**सीधी,21 मार्च। जामा मस्जिद में ईद उल फितर ईद की नमाज आज अता की गई। मुस्लिम भाइयों का रमजान महीना सबसे पाक व बरकत वाला महीना माना जाता है।**



रमजान के महीने के तीसरे रोजे के दिन बाद 20 मार्च को शाम में चांद दिखाई देने पर जिले भर में अमन सुकून व हर्षोल्लास के साथ ईद का पर्व मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम भाई ईदगाह में शामिल हुए और फिर नमाज अता करने के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद मड़वास में ईद उल फितर की नमाज सुबह 9 बजे अता की गई। नवाज सैय्यद मेहदी हसन साहब किबला ने ईद की नमाज पढ़ाई। ईद उल फितर की नमाज पढ़ने के लिए मड़वास जमा मस्जिद में कुसमी, खोखरा, मझिगवां, खजुरिया, धनौर, अकला, नूरी मोहल्ला, महखोर के सैकड़ो की संख्या में लोग ईद की नमाज अता कर करने के लिए जामा मस्जिद में शामिल हुए। रमजान के 30 दिनों तक मुस्लिम भाइयों ने रोजा रखकर 30 दिन तक कुराने पाक की तिलावत कर व चांद देखने के बाद ईद उल फितर की नमाज अता की गई। आखरी रोजा के दिन चांद का दीदार करने के बाद ही ईद का पर्व मनाया जाता है। सभी मुस्लिम भाइयों के घरों पर मीठी सेवई बनाई जाती है। आस-पड़ोस के सभी लोगों को मिठाई खिलाई जाती है। भाईचारे का पैगाम दिया जाता है। रमजान का पाक महीना खुशी व मोहब्बत के साथ मनाया जाता है। मुस्लिम भाई आपस में गले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं। मुस्लिम भाई ईद के दिन नमाज अता करने के बाद ईदगाह कब्रिस्तान में अपने बुजुर्गों व मरहूम मरहूमों के कब्र पर दुआ और फतिया पढ़ते हैं। नमाज में अपने वतन के लिए नेकी और अमन चैन की दुआ मांगते हैं। ईद उल फितर की नमाज के दौरान जमा मस्जिद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिए थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल, उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, एएसआई राजकुमार सिंह परिहार, एएसआई पीडी सोमवंशी, प्रधान आरक्षक सूर्य प्रताप सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# कमर्जी पुलिस ने दो गुमशुदा महिलाओं को किया दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**

**सीधी,21 मार्च। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी चुरहट के मार्गदर्शन में थाना कमर्जी पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में की गई सतत, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई के फलस्वरूप दो महिलाओं को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया है तथा उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।**

पुलिस के अनुसार मामले में सूचनाकर्ता राजेश साकेत पुत्र रामलाल साकेत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गायघाट थाना कमर्जी जिला सीधी ने दिनांक 13 मार्च 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी शकुंतला साकेत पत्नी राजेश साकेत उम्र 35 वर्ष दिनांक 12 मार्च 2026 को घर से लापता हो गई थीं। इस गुम इंसान क्रमांक 15/2026 के तहत तत्काल तलाश अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 20 मार्च 2026 को शाम 7 बजे उन्हें सुरक्षित बरामद कर उनके पति सूचनाकर्ता को सुपुर्द किया गया। दूसरे मामले में सूचनाकर्ता विजय मिश्रा पुत्र राम कुसल मिश्रा उम्र 35 वर्ष निवासी चक्र कमर्जी थाना कमर्जी जिला सीधी ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पत्नी कुसुम मिश्रा पत्नी विजय मिश्रा उम्र 32 वर्ष दिनांक 23 अप्रैल 2025 की रात से घर से लापता हैं। इस गुम इंसान क्रमांक 22/2025 कायम कर गुमशुदा कुसुम मिश्रा की निरंतर प्रयासों से दिनांक 20 मार्च 2026 को दोपहर 12:36 बजे उन्हें सुरक्षित दस्तयाब कर उनके पति सूचनाकर्ता विजय मिश्रा को सुपुर्द किया गया। उक्त महिलाओं एंव परिवारजनों को समझाया गया कि परिवार में घरेलू बात पर घर न त्याग करें तथा वापस में मिलकर परिवार चलाये परिवर्तन जीवन में संभव है समस्या का समाधान स्वंय करें एंव सिध्दांत पर चलें। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी इंद्राज सिंह, प्रधान आरक्षक अमर सिंह तथा आरक्षक दयानंद रावत, महिला आरक्षक सुनीता पटेल, अंजली कुशवाहा का विशेष योगदान रहा है।

# नारायण जी की सेवा निराकार ही है : पं. बाला व्यंकटेश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 21 मार्च। शिवाजी नगर नौढिया सीधी में भोला सिंह बघेल के साधनत्व समर बहादुर सिंह बघेल के सानिध्य और विनोद प्रमोद सिंह बघेल के सेवाभाव से विगत तीन दिनों से चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के प्रसंग में देश के यशस्वी कथा व्यास पं. बाला व्यंकटेश शास्त्री जी महराज वृन्दावनोपासक ने मंगलाचरण के रूप में सबसे पहले सीधी के सभी पत्रकारों के दायित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीधी के पत्रकार सच्चे अर्थों में सजग प्रहरी हैं।**



यह बात कथा के प्रसंग में यह बात आरेखित करते हुए व्यास महराज जी ने कही। कथा को आयाम देते हुए महराज जी ने बताया कि मन को एकाग्र करना हो तो सबसे पहले तन पर फिर नयन पर नियंत्रण करने से मन पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। कथा के रहस्य को उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को कथा व्यास जी ने सरल दृष्टान्त और कथानक के माध्यम से समझाया। कथा मे प्रसंग के क्रम में पं. बाला व्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक ने कहा कि कथा में अहंकार की चादर फेंककर जो भी भक्त आयेंगे निश्चित ही हमारी भागवत कथा कुछ न कुछ अपने बेटे और बेटियो को कुछ न कुछ जरूर देगी। कथानक के क्रम में महराज जी ने बताया कि ब्रम्हा जी समाधि में थे उसी बीच नारद जी आये, ब्रम्हा की समाधि खुली तब ब्रम्हा जी ने कहा कि परमात्मा अखण्ड अनन्त और अपरमित है। इसलिए नारायण की सेवा निराकार के रूप में होती है। उन्होने उदाहरण दिया कि शालिक राम का विग्रह का कोई आकार नही है वह निराकार ही तो है। कथा के बीच में प्रसंग के अनुसार भजन कीर्तन भी चलता रहा और उपस्थित जन रसानन्द लेते रहे। आज की भागवत कथा में शहर के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। जिसमें श्रीमती रीती पाठक विधायक सीधी, नगर अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, पत्रकार अमित सिंह बघेल, डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार, पुष्पराज सिंह चौहान नौढिया आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय रहा।

# कार्यकर्ता ही संगठन की पूंजी हैं : विश्वामित्र पाठक

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 21 मार्च। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत मंडल बहरी एवं मायापुर में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन सम्पन्न हुआ।**



कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस दौरान विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने प्रशिक्षण वर्ग में अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। एकात्म मानव वाद का सिद्धांत संगठन की मूल आत्मा है जो समाज के अंतिम ब्यक्ति तक विकास और सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हम उस राजनीतिक पार्टी से है जहां कार्यकर्ता ही संगठन की असली पूंजी है, भाजपा की विचार धारा अन्य पार्टियों से अलग है, उन्होंने कहा कि विपक्ष क्षेत्र का विकास होते देख केवल विरोध करने पर आमादा है, क्षेत्रीय विधायक ने कार्य शाला में कार्य कर्ताओं को राज्य सरकार की कई उपलब्धियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि हमारी सरकार ने लोक गारंटी सेवा अधिनियम लागू कर हर नागरिक का काम आसान किया, हर एक परिवार को मुफ्त राशन देने का काम कर रही है। चाहे लाडली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना के माध्यम से हर महीने 1500 रुपए देने का काम कर रही है। जिससे हमारी बहनों की आर्थिक समस्या दूर हुई, देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 6000 रुपए एवं प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों को 6000 रुपए कुल मिलाकर साल में 12000 रुपए देने का काम कर रही है जिससे किसान समृद्ध हों ऐसे अनेकों योजनाएं हैं चाहे नल जल की बात हो या आयुष्मान कार्ड से मुफ्त दवा करने का भी प्रावधान है ऐसी अनेकों योजनाओ के माध्यम से सभी के उन्नति एवं विकास के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षी उद्बोधन में कहा कि भाजपा के पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षो को सभी प्रशिक्षण में सम्मिलित होना चाहिए और उन्होंने कहा कि हम अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव यही असली भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है और अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण समर्पण से अपना योगदान दे। इस अवसर पर रीवा संभाग के सह प्रभारी केके तिवारी, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष श्रीमती शिवकुमारी जायसवाल, शिव दान साकेत, लोरिक प्रसाद यादव, पुनीत पाण्डेय, राजमणि साहू, अशोक शुक्ला, दिलीप सोनी, अवधेश सिंह, श्रीमती कविता तिवारी, गंगा साकेत, गोपाल द्विवेदी, सरोज साकेत, श्याम लाल यादव, योगेन्द्र नाथ पाठक, विष्णु प्रधान, नीरज सिंह, रविशंकर पाठक, पुष्पराज सिंह, सुभाकर द्विवेदी, हीरा यादव, मनीष विश्वकर्मा, रितेश गुप्ता, राजकुमार नेटी सहित पदाधिकारी गण, बूथ अध्यक्ष गण, महामंत्री एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कर्म प्रथम चैरिटेबल ने जल संरक्षण को लेकर किया कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 21 मार्च। कर्म प्रथम चैरिटेबल संस्था एनजीओ द्वारा जल संवर्धन एवं संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु कुसमी मे एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीरा बाई सिंह, जनपद सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, भगवार सचिव रामभद्र शुक्ला, संस्था के प्रतिनिधि कमल भान जायसवाल, अनिल सिंह सहित भगवार क्षेत्र के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर पानी की व्यवस्था की गई, जिससे विशेष रूप से पशु-पक्षियों को भी गर्मी के मौसम में जल उपलब्ध हो सके। इस पहल में बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर संस्था के सीएमडी डॉ. बद्री प्रसाद गुप्ता व ईडी अमित श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे। कर्म प्रथम चैरिटेबल संस्था की इस पहल को स्थानीय स्तर पर सराहना मिल रही है और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# प्रशिद्ध देवी मंदिरों में मां की आराधना के लिए पहुंच रहे भक्त

## बटौली, घोघरा, फूलमती, अष्टभुजी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता,प्रशिद्ध देवी मंदिरों में भव्य मेले का हो रहा आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 21 मार्च। चैत्र नवरात्र में प्रसिद्ध देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए भोर से ही देवी मंदिरों में उमड़ना शुरू हो जाती है। चैत्र नवरात्र को देखते हुए प्रसिद्ध देवी मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया गया है।**



जिला मुख्यालय के समीपी बटौली देवी मंदिर में नवरात्र के दिनों में सर्वाधिक भीड़ उमड़ती है। यहां विशेष अनुष्ठान भी किये जा रहे हैं। प्रसिद्ध बीरबल की वरदानी देवी मां चंद्रिका घोघरा देवी मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। इसके साथ ही फूलमती मंदिर सीधी, कुसमी ब्लॉक के मां अष्टभुजी देवी गोतरा मंदिर, झदवा देवी मंदिर चुरहट, रामपुर नैकिन ब्लॉक के दुरासिन देवी मंदिर, बहरी तहसील के लौआ देवी मंदिर एवं मझौली तहसील के मड़फहा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करनें के लिए पहुंच रही है। चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक देवी मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन भी हो रहे हैं। चैत्र नवरात्र का कई मायनों में विशेष महत्व माना जाता है। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्र के प्रारंभ होते ही श्रद्धालु जवारा के लिए बुवाई का कार्य भी करते हैं। जिससे नवमीं पर मां दुर्गा को जवारा चढ़ाया जा सके। सीधी जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के कारण जिला पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्थाएं भी बनाई गई हैं। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना करनें में किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। प्रसिद्ध मंदिरों में सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहता है। जिनमें महिला पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

बताते चलें कि मां जगतजननी की साधना और आराधना के लिए विशेष माने जाने वाले चैत्र नवरात्र की शुरुआत 19 मार्च से हुई है। वैसे तो नवरात्र के सभी दिन शुभ फलदायी माने जाते हैं लेकिन इस दौरान ग्रह नक्षत्रों के मेल से बन रहे कुछ खास संयोग नवरात्र को और अधिक शुभ फलदायी बना रहे हैं। नवरात्र 27 मार्च तक रहेगी। नवरात्र में श्रद्धालु माता रानी के अलग-अलग स्वरूपों की साधना और आराधना करेंगे। नवरात्र को शुभ कार्यों के लिए भी उत्तम फलदायी माना जाता है।

### नवरात्र में शुभ कार्यों का करना उत्तम

ज्योतिषियों ने बताया कि नवरात्र के दिन खरीददारी सहित सभी प्रकार के शुभ कार्यों के लिए उत्तम माने गए हैं। इसमें सोना, चांदी, वाहन, भूमि, भवन आदि की खरीदारी करना श्रेष्ठ होता है। वैसे तो नवरात्र के सभी दिन शुभ होते हैं। चर्चा के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्र का काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। नवरात्र के दिनों में मां के भक्त उनकी आराधना में 9 दिनों तक लीन रहते हैं। इस दौरान काफी संख्या में भक्तगण ब्रत भी रख रहे हैं। जिसके चलते बाजार में फलों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। फिर भी भक्तगण अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार फलाहार की व्यवस्था बना रहे हैं। नवरात्र में हर तरफ मां के भक्ती की धूम मची हुई है। गरीब एवं अमीर सभी अपनी आस्था के अनुसार मां की पूजा-अर्चना में डूबे हुए हैं। देवी मंदिरों में इन दिनों अल सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की आवाजाही बनी हुई है। मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।

# दिलशरण सिंह श्याम बने भाजपा मोर्चा शहडोल संभाग प्रभारी



**सीधी 21 मार्च।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम द्वारा बीते शुक्रवार को अजजा मोर्चा संभाग प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई। इसी क्रम में भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा सिंगरौली के जिलाध्यक्ष दिलशरण सिंह श्याम को शहडोल संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की खबर मिलते ही उनके समर्थकों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं देने का सिलसिला लगातार जारी है। नियुक्ति पर दिलशरण सिंह श्याम ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने हेतु निरंतर कार्य करते रहेंगे।

CMYK